
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**


Monday

## 27 मई

1. **पंडित जवाहरलाल नेहरू का निधन–** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु 27 मई, 1964 ई. को हार्ट अटैक से हुई थी। 27 मई की सुबह–सुबह बाथरूम से लौटने के बाद उन्होंने पीठ में दर्द की शिकायत की। सुबह लगभग साढ़े छह बजे उन्हे पैरालिटिक अटैक हुआ। तभी नेहरू जी बेहोश हो गये। 27 मई से लोकसभा में सात दिनों का विशेष सत्र बुलाया गया था। सभी नेहरू जी का इंतजार करते रहे। दोपहर 2 बजे स्टील मंत्री कोयम्बटूर सुब्रह्मणियम राज्यसभा में ऐलान किया गया की 74 वर्षीय नेहरू जी नहीं रहे। लोकसभा तुरंत स्थगित कर दी गयी। कुछ घंटों के बाद गुलजारी लाल नंदा को कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनाने की घोषणा की गयी। 29 मई को उनका अंतिम संस्कार हिन्दू रीतिरिवाजों से किया गया। पंडित नेहरू ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पंडित नेहरू को 'आधुनिक भारत का निर्माता' कहा जाता है। वे एक अच्छे लेखक भी थे। उनकी प्रमुख किताबें 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' और 'ग्लिम्पस ऑफ वर्ल्ड हिस्ट्री' है।
   - **संदर्भः अतीत से वर्तमान भाग 3, अध्याय 13** से जोड़कर बच्चों को बतायें।

"वफादार और कुशल महान कारण के लिए कार्य करते हैं, भले ही उन्हें तुरंत पहचान ना मिले, अंततः उसका फल मिलता है।"

–जवाहरलाल नेहरू



# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

27 मई

## मधु प्रिया


# जवाहरलाल नेहरू का निधन 27 मई




पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म **14** नवंबर **1889** इलाहाबाद के एक धनाढ्य परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम मोतीलाल नेहरू और माता का नाम स्वरूपरानी था। पिता पेशे से वकील थे। उनकी **3** पुत्रियां थीं और जवाहरलाल नेहरू उनके इकलौते पुत्र थे। वे स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री थे। बच्चों के प्यारे **'चाचा नेहरू'** के रूप में पंडित जवाहरलाल नेहरू देश को प्रगति के पथ पर ले जाने वाले खास पथप्रदर्शक थे। **27** मई को हर साल देश अपने पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाता है। **27** मई **1964** हिंदुस्तान  की वह तारीख थी जिस दिन देश ने अपने पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को हमेशा के लिए खो दिया था। अचानक हुई उनकी मौत ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया था। यह उनकी लोकप्रियता ही थी कि पूरे विश्व के अखबारों में उनकी मौत की खबर को कवर किया गया था। न्यूयॉर्क टाइम्स  ने पहले पन्ने पर भारतीय प्रधानमंत्री की मौत की खबर को सेकंड लीड बनाया था। दुनिया के दूसरे बड़े अखबारों मे भी जवाहर लाल नेहरू की खबर को प्रमुखता दी गई थी।भारत में तो मातम का माहौल था ही। भारत को आजादी मिले कुछ ही साल हुए थे, ऊपर से **1962** में भारत चीन  से युद्ध  भी हार चुका था। इन सबके बीच प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का भारत को यूं छोड़ कर जाना पूरे देश के लिए पीड़ादायक था। हालांकि सोशल मीडिया के जमाने में उनकी मौत को लेकर तमाम तरीके के भ्रम फैलाने की कोशिश होती है, पर उस दौर की तमाम किताबों **,** नेहरू के मित्रों, समकालीन नेताओं और अधिकारियों की किताबों और संस्मरणों से जो बात सबसे पुख्ता तरीके से निकल कर आती है वो यही है कि उनकी मौत का असली कारण चीन का विश्वासघात था। सही मायनों में उनकी मौत हार्टअटैक की वजह से हुई थी। लेकिन उसे चीन से  जोड़ कर इस लिए देखा जाता है क्योंकि चीन के भारत पर हमले के बाद से ही उनकी सेहत बिगड़नी शुरू हुई थी। **1962** में जब भारत चीन से युद्ध हारा तो उसके बाद से ही प्रधानमंत्री नेहरू की सेहत गिरने लगी थी,कारण था कि वह इस युद्ध में भारत की हार को सह नहीं पा रहे थे। शायद अंदर ही अंदर नेहरू खुद को इसका जिम्मेदार मानते थे।

# पुण्यतिथि विशेष 27 मई

राकेश कुमार




**पंडित जवाहरलाल नेहरू** *Jawaharlal Nehru*, जन्म: 14 नवम्बर, 1889; मृत्यु: 27 मई, 1964) भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के महान् सेनानी एवं स्वतन्त्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री (1947-1964) थे। जवाहर लाल नेहरू, संसदीय सरकार की स्थापना और विदेशी मामलों में 'गुटनिरपेक्ष' नीतियों के लिए विख्यात हुए। 1930 और 1940 के दशक में भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से वह एक थे।

राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 27.05.2024

### प्रशिक्षक-केंद्रित शिक्षण

प्रशिक्षक-केंद्रित शिक्षण  शिक्षा का दृष्टिकोण जिसमें सीखने के अनुभव का मार्गदर्शन करने वाला एक केंद्रीय व्यक्ति शामिल होता है - संभवतः सबसे प्रसिद्ध शिक्षण शैली है। प्रशिक्षक-केंद्रित शिक्षण में, एक प्राधिकारी व्यक्ति बागडोर संभालता है और छात्रों को शिक्षण सामग्री के माध्यम से ले जाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar




**टाटा** कंपनी ने भारत में **रेंज रोवर** कार बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। देश में **रेंज रोवर** की मैन्युफैक्चरिंग की वजह से इस कार की कीमत लगभग **20%** तक कम हो जाएगी।

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 399

**रेमल तूफान का नामकरण किस देश के द्वारा दिया गया हैं ?**

A. श्रीलंका

B. ओमान

C. भारत

D. थाईलैंड



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: B

**TOB बूझो तो जानें..**

411

एक महल में चालीस चोर, मुंह काला, पूंछ सफेद... बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## IPL 2024




# बतौर कप्तान एक IPL सीजन में सबसे ज्यादा विकेट


| कप्तान | विकेट | टीम | कब |
|---|---|---|---|
| शेन वॉर्न | 19 | RR | 2008 |
| पैट कमिंस | 17 | SRH | 2024 |
| अनिल कुंबले | 17 | RCB | 2010 |
| आर अश्विन | 15 | PBKS | 2019 |
| शेन वॉर्न | 14 | RR | 2009 |

त्याग, बलिदान और संघर्ष की प्रतिमूर्ति, बाबा साहेब के जीवन संघर्ष की सहभागी और भारतीय महिलाओं की प्रेरणास्रोत माता

## माता रमाबाई अम्बेडकर

की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।

जन्म-7 फरवरी 1898- मृत्यु- 27 मई 1935



www.teachersofbihar.org

Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# HAPPY BIRTHDAY

27 मई 1962





1983 विश्व विजेता टीम के महत्वपूर्ण सदस्य, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान, कोच, कमेंटेटर

## रवि शास्त्री

को उनके जन्मदिन पर टीचर्स ऑफ बिहार परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
देश के स्वतंत्रता संग्राम से लेकर
आधुनिक भारत के निर्माण में
अपना अतुलनीय योगदान देने
वाले प्रथम प्रधानमंत्री
जवाहरलाल नेहरु
की पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।
जन्म-14 नवंबर 1889 - मृत्यु- 27 मई 1964
Madhu priya
www.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



भारत माता के चरणों में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सेना के जांबाज सैनिक, अशोक चक्र से सम्मानित

# हंगपन दादा

की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।

जन्म- 2 अक्टूबर 1979 - मृत्यु - 27 मई 2016

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

पुण्यतिथि विशेष

27 मई 2024

Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

संकट में हर छोटी सी बात का महत्व होता है।

**जवाहरलाल नेहरू**

**(भारत के प्रथम प्रधानमंत्री)**

**जन्म: 14 नवंबर 1889 मृत्यु: 27 मई 1964**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org